## एक नजर में

### संविधान दिवस मनाया गया



**बड़नगर।** विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रात्मक राष्ट्र भारत में नागरिकों को संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। 19 नवंबर वर्ष 2015 में केंद्र सरकार के मंत्रालय ने इस दिवस को मनाने की शुरुआत की। हम सब अपने अधिकारों के साथ ही अपने संवैधानिक कर्तव्यों को भी समझे, ताकि यह राष्ट्र दुनिया का सिरमौर बन सके।यह संविधान ही है जो हमें आजाद देश में आजाद नागरिक होने का एहसास कराता है। उपरोक्त विचार 76 वे संविधान दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित संविधान दिवस शपथ कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अजय पंड्या ने व्यक्त किए। इस अवसर पर पंचायत समन्वय अधिकारी प्रकाशचंद्र राठौर, ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र बैरागी, एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान जिला संयोजक हर्षित पंड्या, संदीप पंड्या, सोहन सिंह राठौड़, कुलदीप सिंह परिहार, प्रीतम सिंह कछावा, बबलू डाबी, अजय प्रजापत, अमित पंड्या, नितिन कटारिया आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस मनाया




**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय घट्टिया, में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 26 नवंबर बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी हुआ साथ ही संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**घट्टिया।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य किरण म्हस्के ने बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि संविधान निर्माण में डॉ अंबेडकर की बहुत बड़ी भूमिका थी। आज हम स्वतंत्र भारत में स्वतंत्रता समानता एवं गरिमा का जीवन जी रहे हैं यह उन्हीं की देन है। वह महान शिक्षाविद थे। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और इसकी विशेषताएं इसे और भी अनूठा बनाती है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। संविधान दिवस पर शिक्षक कैलाश चंद्र मीणा ने संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। संचालन छात्रा रिद्धिमा मकवाना एवं अरुणा पाटीदार ने किया।

### संविधान हत्या दिवस पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

**माकड़ोन।** शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन में 25 नवंबर को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भारत में संविधान द्वारा प्राप्त मौलिक अधिकार एवं उनका दुरुपयोग विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने संविधान हत्या दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संवैधानिक मूल्यों की रक्षा, नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की महत्ता पर संदेश दिया। संविधान हत्या दिवस नागरिकों को यह चेतावनी भी देता है कि लोकतंत्र की रक्षा सतत् सजगता से ही संभव है। यह दिन वर्ष 1975 के आपातकाल जैसी परिस्थितियों की याद दिलाता है, जब संविधान के मूल अधिकारों पर प्रतिबंध लगाए गए थे। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से स्वतंत्रता के मूल्य को समझने, उसे सुरक्षित रखने और किसी भी तानाशाही प्रवृत्ति पहचानने की सजगता का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. राजेन्द्र पंवार, डॉ. रानी शर्मा और डॉ. रूबी पाण्डेय द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने सभी विद्यार्थियों एवं संयोजकों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बधाई दी।

### खाचरौद अधिवक्ता परिषद संविधान दिवस मनाया



**खाचरौद।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने 76 वें संविधान दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर वरिष्ठ अधिवक्ता की उपस्थिति में परिषद अध्यक्ष मनीष शर्मा ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सेठी, अनिल शर्मा, रजनीश उपाध्याय द्वारा संविधान के विषय में प्रकाश डालते हुए महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित उक्त अधिवक्ताओं के साथ डीडी राठी, विजार अली हाशमी कैलाश ख़ामोरिया, प्रमोद देवड़ा, सीपी चोरड़िया, विमलेश दलाल, रमेश तिवारी, त्रिलोक पारीक, प्रहलाद राठौर, जुली जैन, मोहमद शादिक, श्रेयांस दलाल, निकिता जैन, मदन नायमा ने संविधान के नियमों का पालन कर जीवन जीने की शपथ ली। संचालन उमाशंकर पाटीदार ने किया आभार सुरपालसिंह राठौर ने माना।

### महिदपुर में मना भारतीय संविधान दिवस




**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना के मार्गदर्शन व भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराए जाने हेतु भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भारतीय संविधान पर आधारित विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. राजेश कुमार माहोर ने संविधान दिवस के महत्व एवं उद्देश्य पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। यह हर भारतीय के लिए एक गौरवशाली दिवस है। हालांकि संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। लेकिन 26 नवंबर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश के महापुरुषों के लंबे और अथक प्रयासों के फलस्वरुप आज ही के दिन इसे अंतिम रूप दिया गया और संविधान सभा द्वारा इसे अंगीकृत किया गया था। इसके पश्चात कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने सभी को संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अनिल पड़ियाड़ ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। अंत में संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने वाली प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

# तिरंगा यात्रा नागदा में उमड़ा जनसैलाब, गूंजा भारत माता की जय

**नागदा। अखण्ड भारत के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च तथा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन आज नगर में अत्यंत उत्साह, जोश और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आव्हान पर आयोजित इस राष्ट्रीय एकता यात्रा का उद्देश्य सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान, उनके राष्ट्र-निर्माण के संकल्प और भारत को अखण्ड बनाने के उनके नेतृत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।**



यात्रा की अगवानी और नेतृत्व में प्रमुख रूप से सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, लाल सिंह राणावत, नपा अध्यक्ष संतोष गहलोत, सुभाष चन्द शर्मा, राकेश यादव, संदीप व्यास, राजेन्द्र अवाना, पदम सिंह पटेल सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा पुराना बस स्टैंड स्थित गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर ओझा मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग होते हुए विशाल जनसैलाब के साथ कन्या शाला चौराहा पहुंची, जहां यह एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हुई। देशभक्ति से ओतप्रोत डीजे के तरानों पर भारत माता की जय और सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लिए हजारों नागरिकों की सहभागिता ने नगर को एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय गौरव के रंगव में रंग दिया।

सभा में सर्वप्रथम सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष गहलोत द्वारा अतिथियों को सरदार पटेल का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। एगोशदीप स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सरदार पटेल के जीवन-प्रसंगों पर सुंदर नाट्य प्रस्तुति एवं देशभक्ति नृत्य ने वातावरण को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद अनिल फिरोजिया ने सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेने एवं स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने कहा कि आज़ादी अनेक महापुरुषों के त्याग का परिणाम है तथा देश को ऊंचाइयों पर ले जाने में हम सबकी सहभागिता आवश्यक है।

जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने तिरंगा यात्रा को राष्ट्र के लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत बताया। संचालन प्रकाश जैन, अध्यक्ष-बिरलाग्राम मंडल ने किया तथा आभार विजय पटेल ने माना।




# वर्षा प्रजापत ने 10 किमी रनिंग कर किया गौरवांवित

**बड़नगर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा वर्षा प्रजापत ने प्रधानमंत्री कॉलेज एक्सीलेंस मंदसौर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 10 किलोमीटर रनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मण चेलाणी व क्रीडा विभाग प्रमुख डॉ, लखन नागर और विद्यालय स्टाफ ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया साथ ही उनकी आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी

## संतोष वर्मा का विवादित बयान, तत्काल निलंबन हो

**खाचरौद।** गत दिनों भोपाल में नवनियुक्त अजाक्स प्रांताध्यक्ष आई ए एस संतोष वर्मा ने स्वर्ण समाज की बेटियों को लेकर जो बयान दिया है। वह अत्यंत ही आपत्तिजनक एवं घोर निंदनीय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को तत्काल निलंबन की कार्यवाही करनी चाहिए। चतुर्वेदी ब्राह्मण समाज के ट्रस्ट अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने बताया कि वर्मा का बयान महिलाओं के प्रति सम्मान की कमी और अत्यंत विक्रत मानसिकता को दर्शाता है। ब्राह्मण समाज ही नहीं किसी भी समाज के प्रति नकारात्मक भाव रखने वाले विवादित आई ए एस वर्मा को सरकार को बक्शना नहीं चाहिए। कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में किसी भी समाज के प्रति इस प्रकार का जहर उगलने की पुनरावृति न हो। पत्र में इस और भी ध्यान दिलाया कि हर समाज सर्वोपरि है समाज की सुरक्षा ओर सम्मान कायम रहे। यह दायित्व सरकार का है आई ए एस वर्मा सरकारी कर्मचारी हैं और सरकार के अधीन हैं।

# अटल एवं महामना के शताब्दी जन्म दिवस पर होगा राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं साहित्य सेवा सम्मान

▸ **आयोजन समिति का हुआ गठन अध्यक्ष डॉ प्रभु चौधरी मनोनीत**


**उज्जैन। राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के 43वें संचेतना महोत्सव में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह एवं महामना पं. मदनमोहन मालवीय के जन्म दिवस 25 दिसम्बर को उज्जैन में राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं साहित्य सेवा सम्मान समारोह होगा।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी एवं महामना भारत रत्न श्री मालवीयजी के जन्म दिवस का यह 11वां आयोजन उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है। समारोह समिति का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष डॉ. प्रभु चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार सिंह, सचिव रंजना पाचांल, संयुक्त सचिव सुंदरलाल मालवीय, कोषाध्यक्ष अंजना जैन को संस्था संरक्षक ब्रजकिशोर शर्मा मार्गदर्शक डॉ. हरिसिंह पाल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा तथा राष्ट्रीय महासचिव डॉ शहेनाज शेख ने मनोनीत किया है। समारोह के शुभारम्भ 25 दिसंबर 2025 को प्रातः 10.30 बजे प्रथम सत्र में राष्ट्रीय संगोष्ठी भारत रत्न अटलजी एवं महामना मालवीय जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर होगी।

द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय देव चेतना महासंघ के सहयोग से राष्ट्रीय संगोष्ठी भगवान श्री देवनारायण जी भारतीय ज्ञान परम्परा और संस्कृति विषय पर होगी। समापन सत्र दोपहर 3 बजे से संत श्री कबीरदास जी के भजन एवं श्रेष्ठ प्रतिभा अभिनंदन तथा अटल एवं महामना साहित्य सेवा सम्मान से देश के 50 साहित्यकारों को सम्मानित किया जावेगा।

समारोह में मार्गदर्शक अतिथि एवं वक्ता डॉ.श्रीकृष्ण जुगनू उदयपुर, निर्मल मेहता मुम्बई, डॉ. जवाहर कर्नावट भोपाल, डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा उज्जैन, ब्रजकिशोर शर्मा उज्जैन, डॉ. पूरण सहगल मनासा मंदसौर, कालूलाल गुर्जर पूर्व केबिनेट मंत्री भीलवाडा, मोहनलाल वर्मा जयपुर, डॉ. अमिता दुबे लखनऊ, माया मेहता मुम्बई, डॉ. आर.सी. ठाकुर महिदपुर, डॉ. अशोक कुमार भार्गव भोपाल, हरेराम वाजपेयी इंदौर, वरूण गुप्ता एवं अरविन्द जैन उज्जैन, डॉ फूलसिंह गुर्जर झालावाड, पदमचंद गांधी जयपुर, रोशनी किरण मुम्बई, डॉ. अविनाश आचार्य दिल्ली, यशवंत भण्डारी झाबुआ, डॉ अरूणा शुक्ला नांदेड़, डॉ अनवर शेख पुणे, डॉ पिलकेंद्र अरोरा, सुंदर लाल जोशी नागदा आदि को आमंत्रित किया गया है।

# आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सड़क पर उतरा सर्व ब्राह्मण समाज



**घट्टिया।** तहसील मुख्यालय घट्टिया पर बुधवार को दोपहर 1 बजे सर्व ब्राह्मण समाज ने आजक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के कथित विवादित बयान के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। अस्पताल चौराहे से बस स्टैंड तक ब्राह्मण समाज ने रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की, बस स्टैंड पर संतोष वर्मा का पुतला दहन किया इस दौरान पुतले को जूतों की माला पहनाई। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार से वर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार आदर्श शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संतोष वर्मा के सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का उल्लेख किया गया है इसमें वर्मा ने कथित तौर पर कहा था जब तक मेरे बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान नहीं देता या उससे संबंध नहीं बनता तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए इस बयान के सामने आने के बाद पूरे प्रदेश में विरोध फैल गया है। गोविन्द शर्मा ने बताया कि ये बयान ब्राह्मण समाज की मर्यादा, सम्मान और परंपराओं पर सीधा हमला है ब्राह्मण समाज शांति, सद्भाव और राष्ट्रहित के लिए जाना जाता है एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा समुदाय विशेष को लक्षित कर सार्वजनिक मंच से ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी करना बहुत निदानीय है यह टिप्पणी सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली है सरकार तत्काल वर्मा को बर्खास्त कर कानून कार्रवाई करें। प्रदर्शन स्थल पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था तैनात की थी। ज्ञापन का वाचन जगदीश त्रिवेदी ने किया वहद्य आभार पं संतोष व्यास ने माना। इस दौरान राधेश्याम मेहता, बाबूलाल मेहता, सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, मनोहर पंड्या, मुकेश मेहता, राजेश शर्मा, राजेश मेहता, संजय शर्मा, पूरालाल शर्मा, मोहनलाल शर्मा, रमेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाजजन मौजूद थे।

# 15 वर्षो से पावरलिफ्टिंग का दे रहे हैं नि:शुल्क प्रशिक्षण

▸ **केरल के अलपूजा शहर में पावरलिफ्टिंग इंडिया की वार्षिक सभा आयोजित की गई**

**उज्जैन। केरल के अलपूजा शहर में पावरलिफ्टिंग इंडिया की वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। सभा में मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव दिनेश पालीवाल को सर्व सहमति से पावरलिफ्टिंग इंडिया की अनुशासन समिति का चेयरमैन और वेस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन का सचिव बनाया गया।**

मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कमल नंदवाना, शिव प्रसाद कुरे, अरुण शर्मा द्वारा बताया गया कि दिनेश पालीवाल पिछले 15 वर्ष से वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण श्री राम जिम इंदौर में दे रहे हैं। इस ऐतिहासिक दोहरी सफलता में संस्था प्रमुख महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, के.आर. तिवारी, रमेश दवे, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत मिश्रा, शरीफ़ खान, विस्टन लाल, अजय जायसवाल, सत्यनारायण वारिया, जेसी राठौर, शशिकांत दुबे, यू पी सिंह, देवेंद्र नाहर, और पूरे पॉवर लिफ्टिंग परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी तथा कहा कि निश्चित तौर पर यह मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक उपलब्धि है।




# नवोदय में आदर्श ग्राम सभा एवं साइबर सुरक्षा शिविर आयोजित

**घट्टिया।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में सोमवार को आदर्श ग्राम सभा का आयोजन विद्यालय प्राचार्य किरण महसके की अध्यक्षता में एवं सरपंच यशवंत मालवीय की उपस्थिति में किया गया। संबोधित करते हुए प्राचार्या ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक गुणों एवं नागरिक भावना का विकास करना है जिससे ये भविष्य में यह अच्छे नागरिक एवं अच्छे प्रशासक बन सके। ग्राम सभा प्रदर्शन मे गांवों की साफ सफाई, स्वास्थ्य समस्या एवं प्रबंधन, अतिक्रमण जैसे मुद्दों को रेखांकित किया। संध्याकालीन में प्रभारी थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह अलावा द्वारा साइबर सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित किया। जिसमें साइबर सुरक्षा की जानकारी देते हुए अनजान लिंक पर क्लिक ना करने तथा सोशल मीडिया पर स्वयं की फोटो विशेष कर बालिकाओं को पोस्ट न करने की हिदायत दी गई। ग्राम सभा का निर्देशन डॉक्टर अलका कोठारी, संचालन कामना शर्मा तथा आभार उप प्राचार्य शशि कुमार चौधरी ने माना। कार्यक्रम में सहायक सचिव मनोज मकवाना एवं स्टाफ उपस्थित था।

**एक नजर** ▸ **उद्देशिका का सामूहिक वाचन**

# संविधान दिवस पर अजाक्स ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार के नेतृत्व में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान अजाक्स संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी डीएल भीलवाड़ा ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस के महत्व को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसी क्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम सारवान ने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया। हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिएज् पूर्ण उद्देशिका का वाचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ एडवोकेट डॉ प्रकाश डाबी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आर.एल. परमार ने कहा कि 75 वर्ष में देश ने जिस 'अमृत काल' की शुरुआत की है, उसमें विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं। कुछ परिस्थितियों के कारण संविधान निर्माताओं और देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के प्रति अपमान की भावना भी देखने को मिल रही है। अमृत काल में देश की गरिमा को बनाए रखना और 145 करोड़ देशवासियों तक अमृत समान न्याय और अधिकार पहुँचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया। इस मौके पर रमेशचंद्र सूर्यवंशी, अविनाश गुजराती, हेमराज राठौर, राजेश सूर्यवंशी, देवनारायण परमार, बी एल सिंदल, नारायणप्रसाद मालवीय, आत्माराम मेघवंशी, पूर्व अजाक्स जिला अध्यक्ष एवं एडवोकेट अनोखीलाल भारती, एडवोकेट आर सी परिहार, मांगीलाल गोयड, बी एल उज्जैनी, लीलाधर मालवीय, राजूलाल सूर्यवंशी राधेश्याम केरवाल, बागड़ीराम सूर्यवंशी बुद्ध, बने सिंह बोधाचार्य आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।